Rank	No. of cases	Reasons for supersession
Medical Officer	2	Not recommended by DPC due to overstayal of leave
Co-pilot	1	Not recommended by DPC due to lower grading

Demand for Bodoland

2339. SHRI ONWARD L. NONGTDU: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the long outstanding demand of the Bodo People of Assam for a separate State of their own; and

(b) if so, whether Government propose to set up States Re-organisation Commission for the purpose and whether the view of Government of Assam has been obtained in this regard?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) Certain Bodo groups have made a demand for separate state of Bodoland within India.

(c) No Sir. Government does not propose to set up a States Reorganisation Commission. Also, Government of Assam is not in favour of creation of a new state of Bodoland.

कश्मीर घाटी में अल्पसंख्यकों की हत्या

2340. **श्री रामगोपाल यादव**: क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनवरी से 15 मई, 1998 की अवधि के दौरान कश्मीर घाटी में आतंकवादियों द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के कितने लोगों की हत्याएं हुई है;

(ख) क्या यह सच है कि इन क्षेत्रों से बडी संख्या में अल्पसंख्यक परिवार या तो पलायन कर गये है या पलायन कर रहे है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस पलायन को रोकने एवं अल्पसंख्यकों की सुरक्षा हेतु क्या कार्रवाई करने का विचार कर रही है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार 1 जनवरी से 15 मई, 1998 तक की अवधि के दौरान जम्मू व कश्मीर में आतंकवादी हिंसा में अल्पसंख्यक समुदाय के 65 व्यक्ति मारे गए।

(ख) और (ग) राज्य सरकार ने सूचित किया है कि निर्दोष लोगों की हाल की हत्या से दहशत फैली थी जिसके परिणामत: कुछ लोग अस्थायी तौर पर पलायन कर गए । तथापि, इन क्षेत्रों में किए गए सुरक्षात्मक उपायों के कारण, कुछ प्रवासियों ने अपने मूल निवास वापस जाना शुरू कर लिया है। अल्पसंख्यों की सुरक्षा की राज्य सरकार लगतार समीक्षा करती रहती है और इन परिवारों में सुरक्षा की भावना पैदा करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है । हाल ही में किए गए उपायों में, 138 पुलिस पिकटें स्थापित करना और हिन्दु परिवारों के संरक्षण के लिए घाटी में सेना और अर्ध-सैनिक बलों की 37 पिकटें स्थापित करना और उन क्षेत्रों, जहां अल्पसंख्यकों के परिवार रहते हैं, मैं दूर तक गश्त लगाने की व्यवस्था शामिल है।

अतिविशिष्ट व्यक्तियों के सुरक्षा क्षेत्र में अपराधियों के प्रवेश के संबंध में न्यायिक जांच

2341. **श्री रामगोपाल यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश के चर्चित माफिया/अपराधी के प्रदेश के नये राज्यपाल के स्वागत के लिए अतिविशिष्ट व्यक्तियों के सुरक्षा क्षेत्र में प्रवेश की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नही, तो इसके क्या कारण है?